# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 21.06.2025 समय : 18.30 पीएम

- **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरी दुनिया में ''एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य'' संदेश की गूंज–योग ने करोड़ों लोगों को एकजुट किया।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को शांति की दिशा बताया–प्रदेशभर में योग आयोजनों की धूम रही।**
- **राज्य में मॉनसून की सक्रियता से अधिकतर स्थानों पर बारिश–भरतपुर, कोटा और जयपुर संभाग में अगले तीन दिन कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बरसात की संभावना।**
- **ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा–राज्य की सभी ऊर्जा उत्पादक इकाईयों में कोयले का अग्रिम भंडारण बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करता है।**

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज पूरी दुनिया में एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य का संदेश गूंजा। करोड़ों लोगों ने योग के माध्यम से इसकी वैश्विक महत्ता को मजबूत किया। योग दिवस पर 175 देशों में लोगों ने योगासन कर इसे स्वस्थ और संतुलित जीवन का प्रभावी माध्यम बताया। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशाखापत्तनम में हुए राष्ट्रीय समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को शांति की दिशा बताया। उन्होंने विश्व समुदाय से इस दिन को योग 2.0 की शुरूआत के रूप में मनाने का आह्वान किया।

..............

योग दिवस के अवसर पर देशभर में पर्यटन स्थलों, स्मारकों, महलों, किलों, पार्कों, स्टेडियम और कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में भी सामूहिक योगाभ्यास किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देहरादून में आयोजित योग शिविर में शिरकत की। उन्होंने योग को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

..............

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इधर, योग दिवस पर आज समूचा प्रदेश योगमय नजर आया। जैसलमेर के खुहड़ी के रेतीले धोरों में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल हुए। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि आज पूरी दुनिया ने योग को अपनाकर भारत की इस प्राचीन परम्परा का गौरव बढाया है। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य और समरसता का प्रतीक है।

..............

जयपुर के एसएमएस स्टेडियम पर हुए कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े सहित विशाल जन समुदाय की सहभागिता रही। योग दिवस के अवसर पर सभी जिलों में भव्य समारोह रखे गये। इन समन्वित योग कार्यक्रमों के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली पर जोर दिया गया। ब्लॉक स्तर और ग्राम पंचायतों में भी स्कूल, स्टेडियम और पार्कों में भी अलसुबह से ही लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में लोगों को विभिन्न योगासनों के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। इस दौरान हर आयुवर्ग के लोगों की उत्साह के साथ भागीदारी रही।

000

राज्य में अधिकतर स्थानों पर मॉनसून की सक्रियता देखी जा रही है। इसके असर से कहीं–कहीं भारी बारिश का दौर बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है। पाली, जोधपुर, जालौर, अजमेर, भीलवाडा और चित्तौडगढ के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट बताया गया है। वहीं बारां, कोटा, बूंदी, नागौर, राजसमंद, बीकानेर, बाडमेर, और जयपुर समेत कई जिलों में बरसात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि भरतपुर, कोटा और जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में अगले तीन दिन भारी बारिश हो सकती है।

..............

पिछले 24 घंटों में राज्य के पूर्वी हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश हुई। सबसे ज्यादा 17 सेंटीमीटर पानी टोंक के निवाई में बरसा। चित्तौड़गढ़, सवाईमाधोपुर, दौसा, बारां, बूंदी, कोटा और जयपुर में भी अच्छी बरसात हुई। प्रदेश में मॉनसून की बारिश के साथ ही कई स्थानों पर झरने बहने लगे हैं। जोधपुर में खुशनुमा मौसम का आनंद लेने के लिए लोग सैर सपाटे पर निकल गये और पर्यटन स्थलों पर अच्छी रौनक देखी जा रही है।

हमारे चित्तौड़गढ़ संवाददाता ने बताया कि हरी भरी वादियों के बीच मेनाल में सैलानियों और पिकनिक मनाने वालों की आवाजाही शुरू हो गई है।

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि प्रदेश की सभी ऊर्जा उत्पादक इकाईयों में 25 दिन के कोयले का अग्रिम भंडारण रहता है। उन्होंने कहा कि एडवांस में कोयला रहने से विद्युत आपूर्ति निर्बाध तरीके से सुनिश्चित की जा सकती है। श्री नागर आज भीलवाड़ा जिले के प्रवास पर रहे। ऊर्जा मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर बिजली सप्लाई की समीक्षा की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक 80 विद्युत आपूर्ति ग्रिड की स्थापना हुई है।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान को जन आंदोलन बताया है। आज झुंझुनूं दौरे पर श्री गहलोत ने कहा कि महज 15 दिनों में ही पौने दो करोड़ लोग इस अभियान से जुड़े। महिलाओं ने भी इस अभियान में बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाई। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जन सरोकार से जुड़े इस अभियान को दिनों में नहीं समेटा जा सकता, ये सतत चलने वाली प्रक्रिया है। इससे जल संग्रहण के प्रति काफी जागरुकता आई है। आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

000

भारत, ऑपरेशन सिंधु के तहत नेपाल और श्रीलंका के लोगों को भी ईरान से सुरक्षित निकाल रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट् में बताया गया है कि क्षेत्रीय सम्प्रभुता का सम्मान करते हुए नेपाल और श्रीलंका सरकार के अनुरोध के बाद ये कदम उठाया गया है। भारत सरकार ने ईरान–इजराइल संघर्ष को देखते हुए ईरान में फंसे हुए भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु की शुरूआत की है।

000

आज विश्व संगीत दिवस है। इस दिन का उद्देश्य संगीत के सभी रूपों को बढावा देना है। संगीत की शक्ति को पहचानने और सुरों के जरिए लोगों को जोड़ने के लिए ये दिन पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम **सद्भाव के माध्यम से उपचार** है।

000

देश में रूफ टॉप सौर और वितरित ऊर्जा पारिस्थिकी तंत्र में तेजी लाने के उद्देश्य से इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स स्टार्ट–अप चैलेंज की शुरूआत की गई है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शुरू किये गये इस प्रोजेक्ट के लिए चार श्रेणियों में आवेदन मांगे गये हैं। इसके लिए 20 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। विजेताओं को 2 करोड रुपये से अधिक के पुरस्कार दिये जाएंगे।

000

राज्य में 24 जून से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा मनाया जाएगा। 9 जुलाई तक चलने वाले इस पखवाड़े के दौरान व्यापक गतिविधियों के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों को दिया जाएगा। अंत्योदय के लक्ष्य प्राप्ति के लिए वंचितों को वरीयता देते हुए सरकार इस पखवाड़े का संचालन करेगी। इसके लिए **गरीबी मुक्त गांव योजना** शुरू की गई है। इसके पहले चरण में 5 हजार गांवों में बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान जिला कलेक्टर इस बारे में सर्वे करेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया जा सके।

000